सभी आईटीआई में लगेंगे सोलर पॉवर प्लांट

चर्चा में क्यों

9 सितंबर, 2021 को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार ने राज्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (Industrial Training Institutes- ITIs) में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

- **प्रमुख बिंदु**
- प्रदेश के 66 आईटीआई में 40-40 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जाएंगे।
- प्रथम चरण में ग्रामीण क्षेत्रों के आईटीआई में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जाएंगे, जहाँ निर्बाध विद्युत आपूर्ति से विद्यार्थियों को उनके प्रायोगिक कार्यों में सुविधा होगी।
- इसके द्वारा न सिर्फ बिजली की बचत होगी, बल्कि निर्बाध बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी।
- इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित आईटीआई को सबसे अधिक लाभ होगा।
- उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राज्य द्वारा संचालित 300 आईटीआई हैं। इन आईटीआई में सीटों की संख्या 1.19 लाख से अधिक है। हाल ही में 44 नए राज्य आईटीआई को शुरू किये गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 58,000 से अधिक सीटों की वृद्धि हुई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/solar-power-plants-in-all-itis